53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.0°c
अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:37, सूर्यास्त - 6:23 | वर्ष : 53/ अंक : 67 | रविवार, 09 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

खुशी के लिए काम करोगे तो खुशी नहीं मिलेगी, खुश होकर काम करोगे तो खुशी जरूर मिलेगी।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**


कोई सही बात कहता है तो सपा को मिर्ची लगती है, अखिलेश यादव ईद मिलन करें, हम होली मिलन करेंगे : केशव प्रसाद मौर्य



अखिलेश यादव होली भी खेलेंगे..... देख लेना....

# गरीबों की उम्मीदों को लगे पंख, जल्द मिलेगा अपना मकान

## मंत्री कपिल देव मुजफ्फरनगर के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर आये 500 करोड़ की आवासीय योजना



**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** 50 वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर में आवास विकास परिषद् द्वारा एक आवासीय कालोनी बनाने की योजना बनाई गई थी, जिसका सपना अब योगी सरकार में मुजफ्फरनगर में ही पूरा होने जा रहा है। मुजफ्फरनगर के जानसठ रोड पर मुजफ्फरनगर गृह स्थान योजना शुरू होने जा रही है।

हाल ही में हुए नगरीय क्षेत्र विस्तार और क्षेत्रवासियों की असुविधा का संज्ञान लेते हुए नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे, जिसमें उन्होंने अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को पत्र लिखकर जनपद मुजफ्फरनगर में एक आवासीय कॉलोनी बनाये जाने का आग्रह किया था। उक्त आग्रह को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने इस पर स्वीकृति की मुहर लगा दी है। इस कार्य हेतु शेरनगर जानसठ रोड में 235 और धंधेडा गांव में 17 हैक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जायेगी। यह योजना बस स्टेशन से साढ़े चार और रेलवे स्टेशन से चार किलोमीटर की दूरी पर विकसित होगी, जिसमें 500 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आम जनता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दी गई इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को हमेशा आवास की सुविधा का आभाव बना रहता है, इसी के चलते सूबे के मुख्यमंत्री ने उनका आग्रह स्वीकार किया, इसके लिए वे बधाई के पात्र भी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चहुंमुखी विकास के लिए प्रत्यनशील है। प्रत्येक वर्ग का विकास करने के लिए सरकार पहले भी संकल्पबद्ध थी और निकट भविष्य में भी इन्हीं संकल्पों कोदोहराते हुए हर वर्ग के लिए अपना कार्य करती रहेगी।

## बचन सिंह कॉलोनी में फांसी पर झूलता मिला तनावग्रस्त युवक

**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के बचन सिंह कालोनी में एक युवक की फांसी लगाने की सूचना पर क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। नई मंडी क्षेत्र के बचन सिंह कालोनी निवासी युवक दीपक का शव अपने ही मकान के कमरे में पंखे से झूलता मिला। बताया जाता है कि युवक पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहा था और उसने परिजनों को बिना बताये घर के पंखे में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक दीपक मानसिक तनाव में क्यों चल रहा था, इसका कारण तो अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस उक्त मामले में परिजनों से पूछताछ कर रही है। युवक की मौत के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।





## होली साल में एक बार आती है, जुमे की नमाज तो स्थगित भी हो सकती है: योगी

**लखनऊ, 08 मार्च (एजेंसी)।** संभल सीओ अनुज चौधरी के होली पर दिए गए बयान पर हंगामा मचा हुआ है। राम गोपाल यादव ने यहां तक कह दिया है कि सरकार बदलेगी, तो ऐसे लोग जेल में होंगे। यूपी सरकार में शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सीओ अनुज चौधरी का समर्थन करते हुए कहा कि संभल सीओ ने क्या गलत है? वहीं, एक निजी चैनल के कार्यक्रम में पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने भी संभल सीओ अनुज चौधरी का समर्थन किया। इंडिया टुडे के कॉन्क्लेव में जब योगी आदित्यनाथ से संभल सीओ के बयान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर मुझे लगता है कि एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। जुमे की नमाज हर शुक्रवार को होती है। होली वर्ष में एक बार होती है और प्यार से लोगों को यही समझाया गया। उन लोगों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने पहले ही बयान जारी कर दिया कि पहले होली होने दो और उसके बाद नमाज अदा की जायेगी। 14 मार्च को होली है। दोपहर 2 बजे तक होली खेलने दो, उसके बाद जुमे की नमाज पढ़ लेना। योगी ने आगे कहा कि बहुत सारे मुस्लिम धर्म गुरुओं ने भी लोगों से अपील की कि हम लोग इसको मानेंगे, क्योंकि होली साल में एक बार पड़ती है और जुमे की नमाज हर सप्ताह पड़नी है। नमाज स्थगित भी हो सकती है, कोई बाध्यकारी तो है नहीं कि होना ही होना है, लेकिन अगर कोई व्यक्ति पढ़ना ही चाहता है, तो अपने घर में पढ़ सकता है, जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति मस्जिद में ही जाए। अगर जाना ही है, तो फिर रंग से परहेज न करें। अगर रंग से परहेज है तो अच्छा होगा घर में रहे। पुलिस अधिकारी ने भी यही बात समझायी है। हमारा जो वह पुलिस अधिकारी है, वह पहलवान रहा है। अर्जुन अवार्डी भी रह चुका है। पूर्व ओलंपियन भी है। पहलवान है, तो पहलवान की तरह ही बोलेगा। इसमें कुछ लोगों को थोड़ा बुरा लग सकता है, लेकिन सच है और उस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए।

**सीओ संभल के बयान के समर्थन में खुलकर सामने आये मुख्यमंत्री**



## लखीमपुर खीरी के नीमगांव में बवाल, पथराव में कई घायल

**लखीमपुर खीरी, 08 मार्च (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी के कस्बा नीमगांव में शनिवार शाम साढ़े छह बजे एक फल विक्रेता और दूसरे समुदाय के व्यक्ति के बीच किसी बातपर विवाद हो गया। इसके बाद हालात इस कदर बिगड़े कि पुलिस की मौजूदगी में ही लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चल गए। इसमें कई लोग घायल हो गए। कुछ दुकानों में भी तोड़फोड़ हुई है। कस्बा नीमगांव में शनिवार शाम थाने से कुछ दूर चौराहे पर एक समुदाय के फल विक्रेता का दूसरे समुदाय के युवक से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चले। इसमें दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गए। बवाल के दौरान दुकानों में तोड़फोड़ भी की गई।

## ई-रिक्शाओं पर लगाम के लिए एक और कदम, पांच दिन में ई रिक्शाओं पर लिखना होगा अपना नाम

**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** ई रिक्शाओं पर लगाम के लिए एसपी ट्रेफिक अतुल कुमार चौबे द्वारा एक और एडवाइजरी जारी की गई, जिसके तहत अब जिस रिक्शा होगी, उसे वही चला सकेगा। इतना ही नहीं रिक्शा पर अपना असली नाम, पिता का नाम, पता व मोबाइल नम्बर भी लिखना होगा। इस नियम के लिए ई रिक्शा चालकों को पांच दिन का समय दिया गया है। दाएं-बाएं की बात करने की स्थिति में पांच दिन बाद सड़कों पर ऐसी सभी रिक्शाएं सीज कर दी जायेंगी, जिन पर उक्त ऐसी बातें अंकित नहीं होंगी। नाम, पता और मोबाइल नम्बर के साथ साथ ई रिक्शा के आगे-पीछे, दोनों तरफ पीले रंग पर काले रंग से हिन्दी में लिखना होगा। आपको बता दें कि नगर में कुकरमुत्ते की तरह दौड़ रही ई रिक्शाओं पर लगाम लगाने के लिए ट्रेफिक विभाग अब लगातार कोई न कोई कदम सख्ती से उठाता दिख रहा है। अवैध ई रिक्शाओं को कागज न दिखाने पर सीज करने व उन्हें खुर्द-बुर्द करने के आदेश पहले से ही दिए जा चुके हैं, इसी क्रम में अब ई रिक्शा की पहचान हेतु उस पर नाम, पता आदि अंकित करने का कदम उठाया गया है।



## किदवईनगर में तीन युवकों पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला

**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** खालापार क्षेत्र के मौहल्ला किदवईनगर में तीन लोगों पर युवकों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें एक युवक को गंभीर चोटें आई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मौहल्ला किदवईनगर निवासी सैयद बिन्तुल हुदा जैदी ने खालापार थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे मौहम्मद हैदर व उसके दो साथी अरशद तथा अली की दूसरे पक्ष के युवकों से कहासुनी हो गई थी। कहासुनी के बाद लोगों ने दोनों गुटों को समाकर बीच बचाव करा दिया था। मगर इनमें से एक पक्ष नहीं माना और कुछ ही देर बाद हाथों में हथियार लहराते हुए युवक आये और उसके बेटे व दोस्तों पर हमला कर दिया, जिसमें उसका बेटा हैदर चाकू लगने से घायल हो गया। चाकू मारने के बाद युवक वापस हथियार लहराते हुए चले गये। मामले की शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पीड़ितों ने तहरीर के आधार पर यह भी पुलिस को बताया कि इंस्टाग्राम पर रील डालकर उसके बेटे को फिर से धमकी दी जा रही है, जिससे उसके बेटे की जान को खतरा बना हुआ है।

## खादरवाला में पटाखा बाइक को लेकर चले लात-घूसे

**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य इलाके खादरवाला में शुक्रवार की रात उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब दो पक्षों के युवकों के बीच जमकर लात-घूते चले। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पूरा विवाद पटाखा छुड़ाती बाइक को लेकर हुआ। बताया जाता है कि कुछ छिछौरे युवक आए दिन यहां अपना रौब गालिब करने के लिए साइलेंसर वाली पटाखा बाइकों से तेज आवाज करते हुए निकलते हैं। कई बार समझाने बुझाने के बाद जब युवक नहीं माने तो आज क्षेत्र के लोगों ने उन्हें पकड़ लिया, जिस पर दोनों पक्षों की ओर से जमकर लात-घूसे चले, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस युवकों की तलाश कर रही है।



आठवाँ रोजा - 09-03-2025
सुन्नी 6:24 | इफ़तार | शिया 6:33
रमजान- 2025
नौवा रोजा -10-03-2025
सुन्नी 5:07 | सहरी | शिया 5:03




हाजी अकरम (कल्लू)
अध्यक्ष- नगर पंचायत, शाहपुर

## आर्य समाज की संपत्तियों पर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर कब्जा करने पर रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** आर्य समाज मंदिर के प्रधान मुकेश आर्य द्वारा थाना सिविल लाइन में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि प्रयागराज के रहने वाले पंकज जायसवाल, ज्ञानेन्द्र मलिक निवासी शामली, भानुप्रताप सिंह निवासी कसौली, ओमपाल सिंह, गजेन्द्र व श्रवण सिंह गांव दूधली, सतीश कुमार निवासी बिराल आर्य समाज की सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे के प्रयास में हैं। मुकेश आर्य का पुलिस को बताना है कि उक्त सभी लोगों ने साठगांठ करके फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार किये हुए हैं, जिसमें पंकज जायसवाल ने स्वयं को आर्य समाज का प्रशासक, ज्ञानेन्द्र मलिक ने सह प्रशासक व अन्य लोगों ने अपने को सलाह सदस्य दर्शा रखा है, जो पूरी तरह फर्जी है। उन्होंने बताया कि इसी मामले में ओमपाल पहले भी जेल जा चुका है। कोर्ट के आदेश पर थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSIONS OPEN 2025-26
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)




"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"
- Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- 100% Board Result of Class X and XII
- Focus on Effective Communication Skills
- Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- Transport Available on All Routes

• NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
• SIBLING DISCOUNT
Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar

## शराब चोर को मुठभेड़ में लंगड़ा, दूसरा गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 08 मार्च (बु.)।** शुक्रवार की देर रात जानसठ पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शराब चोर को गोली से घायल कर लंगड़ा कर दिया, जबकि उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि मीरापुर में एक अंग्रेजी शराब के ठेके व जानसठ के घटायन गांव में देसी शराब के ठेके पर चोरों ने शराब चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस को शुक्रवार की रात सूचना मिली थी कि घटायन के जंगल में कुछ युवक घूम रहे हैं, जो संदिग्ध प्रतीत होते हैं। सूचना पर पुलिस पहुंची और उक्त युवकों की घेराबंदी कर ली। पुलिस ने उक्त युवकों को चेतावनी देते हुए कहा कि उक्त युवक खुद को पुलिस के हवाले कर दें, मगर युवकों ने पुलिस की बात न मानते हुए पुलिस पर ही गोली चला दी। आत्म रक्षार्थ फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से राहुल पुत्र बाबूराम निवासी बिजनौर घायल हो गया जबकि उसका साथी शिवा पुत्र राम सिंह निवासी बिजनौर को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त दोनों के पास से शराब के ठेके से चोरी किया गया सामान, लगभग साढ़े आठ हजार रुपये नगद व दो तमंचे तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।



S.D. PUBLIC SCHOOL
PATEL NAGAR, BHOPA ROAD MUZAFFARNAGAR
Affiliated to C.B.S.E., India - Affiliation No. 2130006
E-mail : sdpsmzn1968@gmail.com Ph.: 9219440762
PROVISIONAL ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
(Limited seats available)
• Science • Humanities • Commerce
Prospectus will be available at the school office from **Wednesday, March 12 to Thursday, March 20, 2025** between **8:00a.m. to 2:30p.m.** Duly filled form must be submitted back latest by **Thursday, March 20, 2025.**
Students from recognised English medium schools only will be admitted on the basis of written test to be held on **Saturday, March 22, 2025** from **10:30 a.m. to 01:00 p.m.**
ADMISSION STRICTLY ON MERIT
Mrs. Bharti Tiwari, Principal
Mrs. Chanchal Saxena, Director

THE S.D. PUBLIC SCHOOL
DWARIKA CITY, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR
Affiliated to C.B.S.E., India - Affiliation No. 2133113
E-mail : info@thesdpublicschool.com Ph.: 9997305000/7000
PROVISIONAL ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
(Limited seats available)
• Science • Humanities • Commerce
Prospectus will be available at the school office from **Wednesday, March 12 to Thursday, March 20, 2025** between **9:00a.m. to 2:00p.m.** Duly filled form must be submitted back latest by **Saturday, March 22, 2025.**
Students from recognised English medium schools only will be admitted on the basis of written test to be held on **Monday, March 24, 2025** from **9:00 a.m. to 12:00 noon.**
ADMISSION STRICTLY ON MERIT
Mrs. Neelam Mahna, Principal
Mrs. Chanchal Saxena, Director

